# विवेकानंद नगर के बाद छोटूराम नगर की गलियों में भी भरा पानी

## सेक्टर-6 और सेक्टर-7 में भी जलभराव से राहत नहीं, परेशान लोग सोशल मीडिया पर प्रशासन को कोस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बिना भयंकर बारिश के भी लोगों को जलभराव की समस्या से छुटकारा नहीं मिल पाया है। विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर, सेक्टर-6 और सेक्टर-7 समेत कई कॉलोनियों की गलियों और गांव परनाला व बहादुरगढ़ के खेतों में पानी भर जाने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोग घरों से निकलकर बाहर तक नहीं जा पा रहे और इंटरनेट पर शासन-प्रशासन को कोस कर रहे हैं। सेक्टर-6 निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है। गलियों में भरे गंदे पानी से बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही स्थिति पर काबू पा लिया जाएगा। लेकिन फिलहाल लोगों की मुश्किलें जस की तस बनी हुई हैं। विवेकानंद नगर में मुंगेशपुर ड्रेन के बैक मारने से सभी गलियों में सीवरेज का पानी भरने से दुर्गंध और गंदगी की स्थिति गंभीर हो गई है। पार्षद संदीप दहिया ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पंप लगाकर पानी की निकासी की जाए और स्थाई समाधान के लिए नालियों व सीवर सिस्टम को दुरुस्त किया जाए। स्थानीय निवासी कृष्ण गुलिया के अनुसार प्रशासन ने कॉलोनी को अनाथ छोड़ दिया है। समस्या का हल नहीं निकालने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर की गलियों में भरा दिल्ली से आया पानी।



बहादुरगढ़। विवेकानंद नगर की गलियों में भरा पानी दिखाते पार्षद संदीप दहिया।

### परनाला आउटर पानी-पानी, स्कूल बन गया तालाब

गांव परनाला के राजकीय स्कूल की स्थिति तालाब सरीखी बनी हुई है। गांव के आउटर इलाके भी झील का रूप ले चुके हैं। बहादुरगढ़ और परनाला गांव के खेत भी जलमग्न हैं। छोटूराम नगर में भी दिल्ली के सावदा व निजामपुर की तरफ से पानी गलियों में भरने लगा है। झाड़ोदा के निकट स्थित गीतांजलि कॉलोनी भी पूरी तरह पानी में डूब चुकी है। एमआईई में भी बाढ़ सरीखे हालात बरकरार हैं। कई फैक्ट्रियों में अब भी ड्रेन का गंदा पानी भरा हुआ है।

## जलभराव से परेशान वार्ड नंबर दो के लोग सड़कों पर उतरे, जताया विरोध



झज्जर। जलभराव से परेशान महिलाएं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि से उलझते हुए।

झज्जर। निरंतर हो रही बरसात के कारण प्रशासनिक स्तर पर जल निकासी के किए जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे है। शहर के नीम आली कॉलोनी, सीताराम गेट, रहणियां कॉलोनी सहित तमाम क्षेत्रों में हुए जलभराव से परेशानी हो रही है। वीरवार को जलभराव से परेशान वार्ड नंबर दो सीताराम गेट मौहल्ले के लोग सड़कों पर उतर आए अपना विरोध जताया। मौके पर पहुंचे पार्षद प्रतिनिधि जयसिंह से भी महिलाएं उलझ गई और वार्ड में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाने के आरोप लगाए। महिलाओं ने पार्षद प्रतिनिधि का हाथ पकड़कर पानी में ले जाने का प्रयास भी किया। कालोनीवासियों का कहना है कि बेरी गेट, गाजीकमाल क्षेत्र सहित कई वार्डों का बरसाती पानी यहां आकर जमा हो गया है। ऐसे में यहां चारों ओर जलभराव की स्थिति है। जिस कारण न केवल मकानों में सीलन आ गई है बल्कि पशुओं को भी अन्य स्थानों पर बांधना पड़ रहा है। उनकी यह समस्या पिछले लंबे समय बनी है।_प है। जिसके कारण परेशानी हो रही है। उधर, प्रशासनिक स्तर पर पंप सेट आदि लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है। सांपला डाईवर्सन मार्ग पर ट्रैक्टर पर इंजन चलाकर सेक्टर नौ का पानी निकाला जा रहा है।

### सफाई के अभाव में टूटी व ओवरफ्लो हुई ड्रेन



बहादुरगढ़। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने मुंगेशपुर ड्रेन ओवरफ्लो से फसल बर्बादी पर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने वर्षों से ड्रेन की सफाई नहीं कराई। जिस कारण किसानों की धान, ज्वार, बाजरा, कपास और सब्जियों की सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्होंने सरकार से किसानों को हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए गिरदावरी करवाकर प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा देने की मांग की। किसान जसवंत राठी, सोनू, नरेंद्र राठी, महेंद्र सैनी, अमर सिंह, जयकंवार राठी, सिकंदर, सुरजीत राठी, रामनिवास, दिलबाग आदि ने बताया कि सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। अब घर चलाने का भी संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने कहा कि अगर ड्रेन की सफाई समय पर हो जाती तो हमारी फसल बच सकती थी।

### माजरा दूबलधन में विकराल रूप ले रहा है जलभराव



झज्जर। क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन पिछले करीब एक माह से जलभराव की समस्या के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। गांव को चारों ओर से बरसाती पानी ने भर गया है। ग्रामीण दयानंद ने बताया कि गांव के वाटर वर्क्स में जहां दो-दो फीट तक पानी जमा है वहीं दोनों बूस्टर भी जल भराव की भेंट चढ़ चुके हैं। इनके अलावा बीमान पाने का कालियाला जोहड़, तिहाग मौहल्ला, हरिजन कॉलोनी, संताली कॉलोनी की गलियों में भी बरसाती पानी भरा हुआ है। पेयजल की आपूर्ति आए अरसा बीत गया है। लुहारू कनाल पर उठान सिस्टम की एक ही मोटर काम कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार बेरी एसडीएम रेणुका नांदल ने जल भराव की स्थिति के जायजे की औपचारिकता तो निभाई लेकिन जल निकासी के काम को कोई विशेष गति नहीं दी। जलभराव के कारण बाबा मोहन दास मंदिर, श्याम मंदिर, बुड्ढो माता मंदिर, कन्या स्कूल, पीपाला कॉलोनी लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। वहीं बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है।

### भाजपा नेताओं ने लिया जलभराव का जायजा



बहादुरगढ़। वीरवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, दिनेश कौशिक और चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने बारिश और मुंगेशपुर ड्रेन के ओवरफ्लो होने से बहादुरगढ़ के कई रिहायशी और औद्योगिक क्षेत्र में बने जलभराव के हालात का जायजा लिया। उन्होंने एमई जोगेंद्र सिंधु, जेई नीरज और आशीष के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मुंगेशपुर ड्रेन के ओवरफ्लो और टूटे हिस्सों का निरीक्षण किया। उनके अनुसार इस स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। भाजपा नेताओं ने सेक्टर-2 और सेक्टर-6 में भी जलभराव की स्थिति का आंकलन किया। इस मौके पर पार्षद राजबाला, हरिमोहन धाकरे, महावीर दलाल, पंकज गर्ग, सुदेश रंगा और संजय सैनी आदि मौजूद रहे।

### जलभराव पर पूर्व विधायक जून ने सरकार को घेरा



बहादुरगढ़। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने के अनुसार बरसात ने भाजपा सरकार के विकास के तमाम दावों की पोल खोल दी है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता जलभराव के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रही है। आमजन को भाजपा सरकार और प्रशासन की नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अगर समय रहते धरातल पर ठोस कदम उठाए जाते तो आज बहादुरगढ़ के हालात इतने खराब न होते। जलभराव के कारण किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई है। सरकार तुरंत सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा जारी करे। जलभराव की समस्या के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### एसडीएम ने किया माजरा बी व चिमनी गांव का दौरा

बेरी। वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव माजरा बी व चिमनी गांव का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू कैनाल के बाकरा हेड पर बने पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जहां भी बरसात के पानी की निकासी के चलते जलभराव होता है वहां पर तुरन्त पानी निकासी करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत से समन्वय बनाएं तथा जल निकासी का कार्य सुचारु रूप से करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बेरी उपमंडल क्षेत्र में नालों और ड्रेनों की पानी निकासी व जल स्तर की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि पानी निकासी को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोबी की एजीएम में आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा



बहादुरगढ़। एजीएम में कोबी की गतिविधियों पर चर्चा करते पदाधिकारी।

बहादुरगढ़। औद्योगिक संस्था कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) की चौथी वार्षिक आमसभा संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में फर्म्स एंड सोसाइटीज की डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार संजीत कौर कटारिया ने शिरकत करते हुए कोबी के कार्यों की सराहना की। एजीएम में कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने कोबी की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। महासचिव प्रदीप कौल ने कोबी की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने कोबी का लेखाजोखा सबके सामने रखा। वार्षिक सभा के दौरान संगठन की भविष्य की योजनाओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। उपाध्यक्ष विपिन बजाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ट, पुरुषोत्तम गोयल, गणेश गुप्ता, राजेश गर्ग, नवल गर्ग, गुरप्रीत सिंह, सुशील पारीक, अमरीक सिंह लाल, राजेश गुप्ता, दीपक शर्मा, प्रवीण जैन, संजय जैन, नरदेव दहिया, विजय गुप्ता, राजेश चोपड़ा, ऋषि कुमार सैनी, विपिन शर्मा, शिव शंकर गुप्ता, शम्मी छाबड़ा, राजीव गोयल, संजीव गोयल, राकेश गोयल, सत्यवीर हुड्डा आदि ने कहा कि कोबी झज्जर जिले के उद्योग जगत की एक सशक्त आवाज बन चुका है।

## बीसीसीआई में अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



बहादुरगढ़। एक्सईएन सचिन दहिया का स्वागत करते सुभाष जग्गा व अन्य।

बहादुरगढ़। आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) की बैठक हुई। इसमें बिजली निगम के अधिकारियों का अभिनंदन किया गया। साथ ही उनके साथ बिजली आपूर्ति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी समेत अन्य सदस्यों ने एक्सईएन सचिन दहिया और एक्सईएन विनीत गुप्ता के साथ अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। एमआईई चौकी इंचार्ज मोनिका का भी स्वागत-सम्मान किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर बिजली आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

## नागरिक अस्पताल की छत टपकी, डिस्पेंसरी शिफ्ट



बहादुरगढ़। बारिश का असर बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल पर भी साफ देखने को मिल रहा है। यहां कई जगहों पर छत से पानी टपक रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत पुराने भवन में स्थित डिस्पेंसरी में देखने को मिली। छत से लगातार पानी टपकने के कारण डिस्पेंसरी का कामकाज बाधित हुआ और मजबूरी में अस्थाई तौर पर उसे दूसरे कक्ष में चलाना पड़ा। यही नहीं, एक्स-रे रूम के आसपास भी पानी टपकने से मरीजों व स्टाफ को परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश और पानी रिसाव के कारण अस्पताल के कुछ हिस्सों में कई घंटों तक बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। दोपहर करीब 12 बजे जाकर ही आपूर्ति बहाल हो सकी। इस बीच बिजली न होने से मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं पर असर पड़ा। वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सेवाएं सुचारू रूप से जारी हैं और हालातों को देखते हुए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## लैंडपूलिंग के विरोध में पंचायत को लेकर किया जनसंपर्क

बहादुरगढ़। आईएमटी विस्तार परियोजना और लैंडपूलिंग को लेकर रविवार को लडरावन में होने वाली पंचायत को लेकर किसान नेता डॉ शमशेर ने कुलासी, लडरावण व खैरपुर में जनसंपर्क किया। किसान नेता के अनुसार यह पॉलिसी संसद में पारित भू-अधिग्रहण संशोधित कानून-2021 का दुरुपयोग है। इस दौरान ओमकंवार, पूर्व सरपंच शमशेर खत्री, राज सिंह, जोगेंद्र छिकारा, दिलबाग सिंह, धर्मेंद्र तहलान, राजपाल ने भी अपने विचार सांझा किए।

**NOTICE**

I, Sheela S/D/W/O Uma Yadav R/o Chhikara Colony, Bahadurgarh, Jhajjar. Haryana declare that I have lost my original sale deed no. 5786 dated 20.03.2002 Executed by Mr. Narender S/o Mehar Singh in favour of Surender Yadav S/o Raghuni Yadav on 04.02.2023 at 10:13 am some where in Tikri Kalan.

## विधायक कादियान ने लिया प्रभावित खेतों का जायजा



बहादुरगढ़। जिले में भारी बारिश से फसलें बर्बाद हो गई हैं। छुड़ानी, छारा सहित कई गांवों में खेतों में पानी भर गया है। वीरवार को बेरी हलके के विधायक रघुबीर काद्यान ने प्रभावित गांवों का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बेरी हलके के 38 गांवों में 9 हजार एकड़ से अधिक फसल खराब हो चुकी है। उन्होंने सरकार से विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की। काद्यान ने कहा कि विधानसभा में भी वह यह मुद्दा उठा चुके हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने प्रशासन से तुरंत जल निकासी सुनिश्चित करने को कहा ताकि किसान समय पर गेहूं की बिजाई कर सकें।



# विधायक ने जलभराव का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बनी जलभराव की स्थिति का विधायक राजेश जून ने वीरवार को मौके पर जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम नसीब कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली और नाव में बैठकर जलभराव की मौजूदा स्थिति का आंकलन किया। विधायक ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द जलनिकासी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी स्थिति में परेशान नहीं होने दिया जाएगा। शासन व प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ दिन-रात जलभराव से निपट रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी इस विषय पर बात की थी। सीएम ने डीसी को बहादुरगढ़ में जलभराव की समस्या से जल्द निजात दिलाने के निर्देश दिए हैं।



बहादुरगढ़। जलभराव के हालात का जायजा लेते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

# संदिग्ध परिस्थितियों में बच्ची की मौत

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में एक बच्ची की मौत हो गई। करंट से मौत लगने की बात सामने आई है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। मृतका की पहचान करीब दस वर्षीय प्रीति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बिहार के दरभंगा मूल की एक महिला अपने छह बच्चों के साथ यहां गोरैया के नजदीक फुटपाथ पर रहती है। बुधवार की रात करीब 9 बजे ये बच्चे सड़क किनारे एक फलों की दुकान के निकट खड़े थे। इसी दौरान एक बच्ची वहां बेसुध होकर गिर गई और उसके मुंह से झाग निकलने लगे। आसपास मौजूद दुकानदारों ने तुरंत बच्ची प्रीति को संभाला और नागरिक अस्पताल में ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# अंशु ने इंसानियत दिखाकर बचाई मासूम जीवों की जिंदगी



बहादुरगढ़। कुतिया और उसके बच्चों को बचाने नीचे उतरती अंशु।

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-2 में बारिश के बीच एक मां और उसके तीन नवजात बच्चों की चीखें गूंज उठीं तो इंसानियत ने करुणा का हाथ थाम लिया। जलभराव में फंसी कुतिया और उसके पिल्लों का जीव प्रेमियों ने साहसिक रेस्क्यू कर मानवता का संदेश दिया। दरअसल, इलाके में लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से जगह-जगह जलभराव है। सेक्टर-2 में भी ऐसे हालात हैं। यहां के एक प्लॉट में पानी भर चुका था। उसी प्लॉट के एक कोने में कुतिया ने तीन पिल्लों को जन्म दिया था। बढ़ते पानी और कीचड़ के बीच वे सभी फंस गए और कुतिया लगातार मदद के लिए चीख रही थी। ऐसे में किला मोहल्ला निवासी जीव प्रेमी अंशु ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने तीन मंजिला मकान की छत से रस्सी, पटरी के झूले के सहारे नीचे उतरकर मां और उसके बच्चों को अपनी गोद में उठाया।





















